खबर संक्षेप



### 18 किलो गांजा किया जब्त, तस्कर गिरफ्तार

**कटनी।** ट्रेन से गांजा की तस्करी कर रहे एक तस्कर को आरपीएफ ने गिरफ्तार किया है। आरोपित के पास से लगभग 18 किलो गांजा बरामद किया गया है। जानकारी के अनुसार मुखबिरों ने आरपीएफ को ट्रेन से गांजा तस्करी होने की सूचना दी। सूचना को आरपीएफ ने गंभीरता से लिया और कटनी जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर 5 की ओर गांजा की खेप के साथ सतना जिले के बिरसिंहपुर क्षेत्र निवासी राम गोपाल वर्मा नामक युवक को हिरासत में लिया। आरपीएफ सिर्फ रेल अधिनियम के तहत कार्रवाई कर सकती है इसलिए उसने इसकी सूचना जिला पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया के दिशा निर्देश और नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया के मार्गदर्शन में कोतवाली प्रभारी राखी पांडे और खिरहनी पुलिस चौकी प्रभारी किशोर कुमार द्विवेदी अपनी टीम के साथ सक्रिय हुए और आरपीएफ से पूरा मामला अपने अधिकार में लेकर आरोपी के विरुद्ध नारकोटिक्स एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### बदमाशों ने जेवरात सहित नकदी किया पार



**कटनी।** जिले में सक्रिय बदमाश आये दिन वारदातों को अंजाम दे रही है। घरों के नकदी एवं जेवरात पार हो रहे हैं, मोटर साइकिल चोरी जा रही है। वारदातों को रोकने एवं बदमाशों को पकड़ने में पुलिस नाकाम साबित हो रही। रात्रि गश्त पर ही सवाल उठ रहे हैं। अलग अलग थाना क्षेत्रों में चोरों ने चोरी की वारदातों को अंजाम देते हुए लाखों की सामग्री पार कर दी। जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना अंतर्गत रचना नगर में सूने मकान में घुसे चोरो ने गहने और नकदी चोरी कर लिया। प्रार्थी मोहित सिंह ने अपनी शिकायत में बताया कि अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़कर 70,000 रुपये के सोने-चांदी के आभूषण और 25,000 रुपये नकद चोरी कर लिए। पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरो की पतासाजी का प्रयास कर ही है। इसी तरह माधवनगर थाना क्षेत्र के शांति नगर स्थित MPEB कॉलोनी में धनंजय कुमार वर्मा के सूने मकान में चोरों ने धावा बोला। चोरों ने घर में घुसकर 40,000 रुपये के जेवरात पार कर दिए। वारदात 13 फरवरी की है। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### अलग अलग स्थानों से तीन दोपहिया वाहन चोरी

**कटनी।** कोतवाली, कुठला एवं ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र में वाहन चोरी की घटनायें हुई। जानकारी के अनुसार कुठला थाना क्षेत्र के बल्लभ नगर में रखौल्या किराना स्टोर के सामने खड़ी स्कूटी क्रमांक MP 21 MD 1342 को अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। घटना 16 फरवरी की रात करीब 9:30 बजे की बताई गई है। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है। इसी तरह ढीमरखेड़ा थाना के ग्राम पौड़ी सूरदास आश्रम के पास रोड किनारे खड़ी मदन लाल लोधी की मोटरसाइकिल क्रमांक MP 21 M 9921 चोरी हो गई। इसी कोतवाली थाना अंतर्गत अहिंसा तिराहा स्थित टिपटाप स्टूडियो के सामने से आकर्ष जैन की बाइक क्रमांक MP 21 MJ 7770 चोरी हो गई। शिकायत पर पुलिस ने मामला पंजीबद्ध कर चोरो की पतासाजी के प्रयास में जुटी हुई है।

---

#### एरियर्स का भुगतान किये जाने के नाम पर मांगे थे 50 हजार, पहली किश्त में ही गिरफ्तार

# प्रभारी कार्यपालन यंत्री को 20 हजार रूपये की रिश्वत के साथ लोकायुक्त ने रंगे हाथ दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



सरकारी कर्मचारियों को भले ही हजारों लाखों की पगार मिलती है तब भी रिश्वतखोरी की आदत नहीं जाती। आम नागरिकों की बात तो दूर कई मामले ऐसे भी सामने जब शासकीय कर्मचारी काम कराने के लिए अपने विभागीय या दूसरे विभागों के कर्मचारियों को भी छोड़ते। जिले में जल संसाधन संभाग के प्रभारी कार्यपालन यंत्री (EE) व्ही.ए. सिद्दीकी को जबलपुर लोकायुक्त की टीम ने 20 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए उनके कार्यालय में रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई एक सेवानिवृत्त चौकीदार के बकाया एरियर्स के भुगतान के बदले रिश्वत मांगने की शिकायत पर की गई।

जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता कुंवर लाल रजक जल संसाधन विभाग में चौकीदार के पद पर कार्यरत थे और अब सेवानिवृत्त हो चुके हैं। वर्ष 2011 से 2017 के बीच जल संसाधन वर्गीकरण प्रक्रिया के तहत उनका और 9 अन्य कर्मचारियों का लगभग 7 से 8 लाख रुपए का एरियर्स बकाया था। विभाग द्वारा भुगतान न किए जाने पर इन कर्मचारियों ने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। उच्च न्यायालय ने कर्मचारियों के पक्ष में फैसला सुनाते हुए विभाग को एरियर्स भुगतान के आदेश दिए थे। इसी एरियर्स की राशि जारी करने के बदले प्रभारी कार्यपालन यंत्री व्ही.ए. सिद्दीकी द्वारा 50 हजार रुपए की रिश्वत की मांग की जा रही थी।

### 8 सदस्यीय टीम ने की कार्रवाई

कुंवरलाल रजक ने इस संबंध में लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक, जबलपुर के समक्ष शिकायत दर्ज कराई। शिकायत का गोपनीय सत्यापन कराया गया, जिसमें मामला सही पाया गया। आरोपित अधिकारी पहली किस्त के रूप में 20 हजार रुपए लेने पर सहमत हुआ था। मंगलवार को कुंवरलाल रजक ने कार्यालय पहुंचकर आरोपी व्ही.ए. सिद्दीकी को केमिकल लगे हुए नोट सौंपे। पहले से बाहर तैनात लोकायुक्त डीएसपी नीतू त्रिपाठी के नेतृत्व वाली 8 सदस्यीय टीम ने तुरंत दबिश देकर उन्हें पकड़ लिया। हाथ धुलवाने पर आरोपी की उंगलियां गुलाबी हो गईं जो रिश्वत लेने का पुख्ता प्रमाण है।

### इनका कहना है

इस संबंध में लोकायुक्त डीएसपी नीतू त्रिपाठी ने बताया कि शिकायतकर्ता कुंवर लाल रजक के एरियर्स भुगतान के बदले 50 हजार की मांग की गई थी। सत्यापन के बाद मंगलवार को 20 हजार रुपए की पहली किस्त लेते हुए कार्यपालन यंत्री को रंगे हाथों पकड़ा गया है। उनके विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगामी वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

---



# बाइकों के बीच हुई टक्कर में 6 घायल, तीन गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

रीठी थाना क्षेत्र अंतर्गत टहकारी मोड़ के पास मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया ल। दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में कुल 6 लोग घायल हो गए, जिनमें से तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार टहकारी मोड़ के पास तेज रफ्तार दो मोटर साइकिलों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइकों पर सवार सभी लोग सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

### पुलिस कर रही जांच

हादसे के तुरंत बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों ने तुरंत एम्बुलेंस को सूचना दी। घटना की सूचना मिलते ही 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को तत्काल उपचार के लिए रीठी शासकीय अस्पताल पहुंचाया गया अस्पताल में डॉक्टरों की टीम द्वारा घायलों का इलाज किया जा रहा है तीन घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिन्हें आवश्यकता पड़ने पर जिला अस्पताल रेफर किया जा सकता है। हादसे की सूचना मिलते ही रीठी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है। फिलहाल घायलों की पहचान और वे कहां से आ रहे थे तथा कहां जा रहे थे, इसकी जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है।

---

*समस्याओं के समाधान की दिशा में प्रभावी पहल बनी महापौर जन सुनवाई*

# जनसुनवाई में महापौर के निर्देश पर कई मामलों का किया गया तत्काल समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



नगर निगम द्वारा नागरिक समस्याओं के त्वरित निराकरण एवं बेहतर प्रशासनिक संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से मंगलवार को मेयर इन काउंसिल कक्ष में महापौर जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रातः 11 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक चले इस कार्यक्रम में शहर के विभिन्न वार्डों से बड़ी संख्या में नागरिक अपनी समस्या लेकर उपस्थित हुए।

जनसुनवाई के दौरान महापौर का सक्रिय एवं संवेदनशील रुख देखने को मिला, जहाँ उन्होंने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। कई मामलों में मौके पर ही समाधान होने से नागरिकों के चेहरे पर संतोष नजर आया। महापौर ने स्पष्ट किया कि नगर निगम का लक्ष्य केवल शिकायतें सुनना नहीं, बल्कि हर नागरिक को समय पर समाधान उपलब्ध कराना है, ताकि आमजन का प्रशासन पर विश्वास और अधिक मजबूत हो सके। इस दौरान सड़क सुधार, सफाई व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, अतिक्रमण, खाद्य पर्ची, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र तथा नाली-नालों से जुड़ी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। महापौर ने प्रत्येक प्रकरण की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समयबद्ध समाधान के स्पष्ट निर्देश दिए।

मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में कुल 49 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 18 मामलों का मौके पर ही निराकरण किया गया। शेष आवेदनों को संबंधित विभागों को सौंपते हुए शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

महापौर ने इस अवसर पर पूर्व में आयोजित जनसुनवाई में प्राप्त प्रकरणों की भी समीक्षा करते हुए उनके निराकरण में तेजी लाने तथा लंबित मामलों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सभी शिकायतों का समयबद्ध निराकरण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए।नागरिकों की समस्याओं के निरंतर समाधान एवं बेहतर प्रशासनिक संवाद के लिए आगामी मंगलवारों को भी जनसुनवाई कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किया जाएगा।

---

### शराब की अवैध बिक्री के खिलाफ महिलाओं ने किया प्रदर्शन



जिले में शराब की अवैध बिक्री से बिगड़ रहे माहौल पर नागरिकों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र के डोंगरिया गांव की महिलाओं ने अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ मंगलवार को जोरदार विरोध प्रदर्शन करते हुए जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर धरना दिया। महिलाओं ने गांव में पकड़ी गई अवैध शराब को लोडर वाहन में भरकर कलेक्टर कार्यालय के सामने लाकर प्रशासन के खिलाफ नाराज़गी जताई। प्रदर्शन के दौरान लगभग 30 से 40 महिलाओं ने कलेक्टर कार्यालय का घेराव कर जोरदार नारेबाजी की और क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। महिलाओं का आरोप है कि गांव और आसपास के क्षेत्रों में अवैध शराब के कारण सामाजिक वातावरण बिगड़ रहा है और परिवारों पर इसका दुष्प्रभाव पड़ रहा है। प्रदर्शन कर रही महिलाओं ने प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि अवैध शराब का कारोबार बंद नहीं हुआ तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

---

# खाद्य विभाग ने रेस्टारेंट से एकत्र किये सेम्पल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



उपनगरीय क्षेत्र माधवनगर स्थित डोमिनॉज रेस्टोरेंट/फूड पॉइंट पर खाद्य गुणवत्ता संबंधी शिकायत के बाद खाद्य विभाग ने कार्रवाई करते हुए विभिन्न खाद्य पदार्थों के नमूने जब्त किए हैं। कार्रवाई अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन की जिला महिला इकाई की उपस्थिति में की गई।

जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता अमन आशु सुहाने द्वारा रेस्टोरेंट में उपयोग की जा रही खाद्य सामग्री की गुणवत्ता को लेकर खाद्य निरीक्षक ओमप्रकाश साहू से शिकायत की गई थी। शिकायत के बाद संगठन की जिला महिला इकाई की टीम मौके पर पहुंची और प्रारंभिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान खाद्य पदार्थों की शुद्धता पर संदेह व्यक्त किया गया, जिसके बाद खाद्य विभाग को सूचित किया गया। सूचना मिलते ही खाद्य निरीक्षक ओमप्रकाश साहू टीम सहित मौके पर पहुंचे और नियमानुसार जांच कार्रवाई प्रारंभ की।

खाद्य विभाग द्वारा चीज, पनीर, मेयोनेज, विभिन्न लिक्विड सामग्री, पिज्जा-बर्गर सहित अन्य खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए गए। सभी नमूनों को विधिवत सील कर परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। कार्रवाई के दौरान संगठन की जिलाध्यक्ष प्रीति सेन, सचिव श्वेता अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष आशा सुहाने, सुनीता कनकने, नीता बिचपुरिया, सिटी अध्यक्ष सपना सेन, लीगल एडवाइजर सभ्या दुबे, नीति वर्मा, देवांश वर्मा एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

खाद्य विभाग का कहना है कि प्रयोगशाला रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद यदि खाद्य पदार्थों में मिलावट या निर्धारित मानकों से कम गुणवत्ता पाई जाती है तो संबंधित प्रतिष्ठान के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी।

---

*किसानों को जरूरत के मुताबिक पर्याप्त मात्रा में मिलेगी खाद*

# जिले के लिए 904 मीट्रिक टन नीम कोटेड यूरिया की पहुंची खेप, केन्द्रों में पहुंचाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



रबी फसलों के लिए सर्वाधिक मांग वाली उर्वरक यूरिया खाद जिले के उर्वरक विक्रय केन्द्रों पर पहुंच गई है। कलेक्टर आशीष तिवारी के निरंतर प्रयासों से जिले में यूरिया खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु झुकेही रेक प्वाइंट पर पहुची 904 मीट्रिक टन यूरिया को जिले के विक्रय केन्द्रो में पहुँचाया गया है। इससे जिले में उर्वरक की पर्याप्त उपलब्धता हो गई है और किसानों को जरूरत के मुताबिक पर्याप्त खाद मिल सकेगी।

कलेक्टर ने अधिकारियों को खाद वितरण केन्द्रों का नियमित निरीक्षण करने, किसानों से संवाद करने और पीओएस मशीन में उर्वरक स्टॉक की उपलब्धता देखकर इसका भौतिक सत्यापन अवश्य करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने अधिकारियों को हिदायत दी है कि उर्वरक वितरण व्यवस्था पर पैनी नजर रखें ताकि किसानों को सहजता से खाद मिल सके।

जिला विपणन अधिकारी आनन्द नारायण पांडे ने बताया कि आई रैक से कटनी डबल लॉक केन्द्र के लिए 204 मीट्रिक टन, बहोरीबंद डबल लॉक केन्द्र के लिए 200 मीट्रिक टन तथा मझगवां बड़वारा डबल लॉक केन्द्र के लिए 200 मीट्रिक टन नीम कोटेड यूरिया उर्वरक आवंटित की गई है।

इसी प्रकार सीएमएस मार्केटिंग सोसायटी कटनी, सीएमएस उमरियापान-ढीमरखेड़ा, सीएमएस रीठी, सीएमएस बड़वारा, प्रियदर्शनी विपणन विजयराघवगढ़, सीएमएस बाकल, सीएमएस स्लीमनाबाद और सीएमएस ढीमरखेड़ा को 30-30 मीट्रिक टन यूरिया आवंटित की गई है। इसके अलावा एमपी एग्रो कटनी को 60 मीट्रिक टन खाद मिली है। जिससे यहां के किसानों को पर्याप्त मात्रा में उनकी जरूरत के मुताबिक उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी।

### यहां देवें सूचना

कलेक्टर ने किसानों से आग्रह किया है कि वे खाद एवं बीज से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या और शिकायत या खाद एवं बीज मिलने में असुविधा संबंधी सूचना कलेक्ट्रेट कार्यालय में बने जिला स्तरीय कंट्रोल रूम के टेलीफोन नम्बर 07622-220070 एवं 07622-220071 पर दे सकते हैं।

---

## कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनीं 138 आवेदकों की समस्याएं

# शासकीय भूमि से हटाएं अतिक्रमण, अवैध खनन पर करें कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कलेक्टर आशीष तिवारी ने कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में पहुंचे 138 लोगों कि समस्याओं को सुना और अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर जितेन्द्र पटेल उपसंचालक खनिज रत्नेश दीक्षित, जिला रोजगार अधिकारी डीके पासी जिला प्रबंधक लोक सेवा दिनेश विश्वकर्मा, जिला पंजीयत पंकज कोरी, जिला अबकारी अधिकारी विभा मरकाम, जिला श्रम अधिकारी केवी मिश्रा सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

जनसुनवाई में कलेक्टर को ग्राम बिलहरी के निवासियों ने संयुक्त रूप से आवेदन देकर बताया कि विनोद शंकर शर्मा द्वारा शासकीय भूमि एवं सार्वजनिक मुक्तिधाम पर अवैध खनन कर अवैध कब्जा किया गया था। प्रशासन द्वारा कब्जा हटा दिया गया है। लेकिन उत्खनन कार्य में लगे जेसीबी मशीन और ट्रेक्टर ट्राली पर कोई कार्यवाही नहीं की गई है। कलेक्टर श्री तिवारी ने उपसंचालक खनिज को इस मामले में समुचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

### धारणाधिकार का समाधान

जनसुनवाई में अल्फटगंज निवासी अब्दुल सत्तार ने नजूल भूमि के धारणाधिकार संबंधित समस्या के निराकरण करने का आग्रह किया जिस पर कलेक्टर ने प्रभारी अधिकारी नजूल को नियमानुसार समुचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

### वेतन भुगतान कि विसंगति

मध्यप्रदेश सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष ने आवेदन देकर सहकारी समिति के विक्रेता कर्मचारियों के वेतन में विसंगतियों का निराकरण करने का आग्रह किया। जिस पर कलेक्टर ने सहायक आयुक्त सहकारिता को इस मामले में शासन के निर्देशानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री तिवारी को जनसुनवाई में ग्रामपंचायत धूरी बहोरीबंद के सरपंच हेमलता और पंचो ने आवेदन देकर बताया कि खसरा नंबर 2060 रकवा 0.32 हे० भूमि राजस्व अभिलेख में मुख्य कार्यपालन अधिकारी बहोरीबंद के नाम पर दर्ज है। इस खसरे में गांव के ही नारायण सोनी द्वारा अवैध रूप से कब्जा किया गया है जबकि इस जमीन पर सामुदायिक भवन बनना प्रस्तावित है। भवन का कार्य प्लिंथलेवल तक हो चुका है। इस लिए इस कार्य को सतत जारी रखने अवैध कब्जे पर एसडीएम बहोरीबंद द्वारा दिए गए स्थगन आदेश को हटाने का आग्रह किया गया। जिस पर कलेक्टर श्री तिवारी ने एसडीएम बहोरीबंद को नियमानुसार समुचित कार्यवाही के निर्देश दिए है।

---

# 783 युवाओं का फिजिकल एवं मेडिकल टेस्ट हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

झिंझरी स्थित पुलिस लाइन मैदान में आयोजित भारतीय सेना की अग्निवीर भर्ती रैली में 16 फरवरी की रात को सतना जिले के 783 युवाओं का फिजिकल एवं मेडिकल टेस्ट हुआ सत्र 2026-2027 के लिए अग्निवीर सेना भर्ती रैली में शामिल होने के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू है इसकी अंतिम तिथि 1 अप्रैल है। और अधिसूचना इंडियन आर्मी की वेबसाइट www.joinindi-army.nic.in पर उपलब्ध है।

अग्निवीर भर्ती रैली में सोमवार की रात को मात्र सतना जिले के युवाओं ने भर्ती रैली में भाग लिया। इस दौरान युवाओं का शारीरिक दक्षता परीक्षण एवं चिकित्सा जांच के साथ-साथ दस्तावेजों का भी सत्यापन किया गया है। उल्लेखनीय है कि कटनी में 24 फरवरी तक आयोजित होने वाले अग्निवीर भर्ती में 15 जिलों के 5 हजार 374 उन युवाओं को आमंत्रित किया गया है। जिन्होंनें सेना द्वारा आयोजित कामन इंट्रेंस टेस्ट की लिखित परीक्षा को पास कर लिया है।

बुधवार 18 फरवरी को जबलपुर, कटनी, शहडोल, उमरिया, अनुपपूर को मिलाकर 785 युवा तथा गुरूवार 19 फरवरी को सभी जिलों के 730 युवा तथा शुक्रवार 20 फरवरी को 638 युवा एवं सोमवार 23 फरवरी को मप्र एवं छत्तीसगढ़ राज्य की महिला अग्निवीर भर्ती रैली में शामिल होंगी और दस्तावेजों का सत्यापन करांएगी इसके साथ ही फिजिकल एवं मेडिकल परीक्षण भी होगा।

## खबर संक्षेप

### मेधावी विद्यार्थियों का 23 फरवरी को होगा सम्मान

**कटनी।** रजक समाज जनजागृति विकास समिति की बैठक गत दिवस समिति अध्यक्ष श्यामलाल रजक की अध्यक्षता में आयोजित की गई। सचिव भारत रजक ने बताया कि ननि ऑडिटोरियम बस स्टैण्ड कटनी में आयोजित कार्यक्रम में समाज को एकत्रित कर सामाजिक कुरूतियों को दूर करने के प्रयास किये जाने संबंधित विचार-विमर्श किये जावेंगे। साथ ही छात्र-छात्रा प्रतिभा सम्मान, युवक-युवती परिचय सम्मेलन, वरिष्ठ जनों का सम्मान 23 फरवरी को संत गाडगे जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित कर सम्मानित किया जावेगा।

### रास्ता रोक कर युवक के साथ की मारपीट

**कटनी।** कुठला क्षेत्र के पहरूआ में एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार फरियादी सौरभ प्रजापति 28 वर्ष निवासी साईं मंदिर के पीछे कुठला जब पहरूआ शराब दुकान के सामने मेन रोड से गुजर रहा था, तभी आरोपित जोलू उर्फ धर्मेन्द्र चौधरी निवासी ने रास्ता रोककर उसकी कॉलर पकड़ी और गाली-गलौज शुरू कर दी। आरोपित ने युवक के साथ मारपीट की और उसे जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मामला पंजीबद्ध किया है।

### भगवान श्री कृष्ण का जन्म उत्सव धूमधाम से मनाया



**सिलौंडी।** ग्राम घाना में चल रही श्रीमद भागवत में मंहत सीताराम शरण महाराज लोढ़ा पहाड़ वालों ने बताया कि भगवान श्री कृष्ण के जन्म के पहले मामा कंस ने उनके माता पिता पर बहुत अत्याचार किया उनके सात भाई को मार डाला ।भगवान का जन्म कंस की जेल में हुआ ।भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव बहुत बहुत धूमधाम मनाया गया ।सरपंच अनिल सिंह बागरी,सतेंद्र राय ,निखिल शुक्ला ने कथावाचक का सम्मान कर उनका आशीर्वाद लिया। इस दौरान लखन शुक्ला,अनूप दुबे ,नीरज राय ,सैयद अहमद सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### चिन्हित बस स्टैंड पर ही खड़ी होंगी बसें, वरना होगी कार्यवाही



**उमरियापान।** उमरियापान में अब बसें केवल चिन्हित बस स्टैंड परिसर में ही खड़ी होंगी, सड़कों पर नहीं। सड़कों पर बसों के खड़े होने से बनने वाली जाम की समस्या पर पुलिस ने सख्ती दिखाई। उमरियापान के नवागत थाना प्रभारी महेन्द्र जायसवाल की पहल के बाद यातायात व्यवस्था में सुधार आ रहा है। थाना प्रभारी ने पहले दिन बस एवं अन्य बड़े वाहन चालकों को समझाइश दी और स्पष्ट कहा कि सड़कों पर बस खड़ी पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। उप निरीक्षक महेन्द्र जायसवाल ने उमरियापान थाना का पदभार संभालने के बाद स्थानीय नागरिकों के साथ बैठक कर क्षेत्र की समस्याएं सुनीं। बैठक में नागरिकों ने बस स्टैंड क्षेत्र में प्रतिदिन लगने वाले जाम की समस्या प्रमुखता से उठाई। लोगों ने बताया कि बस स्टैंड परिसर के बाहर सड़कों पर बसों का खड़ा होना और दुकानों के सामने अवैध अतिक्रमण के कारण यातायात बाधित होता है और आमजन को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। जिसके बाद थाना प्रभारी ने मौके पर निरीक्षण किया और बस चालकों को सख्त निर्देश दिए कि वे अपनी बसें निर्धारित बस स्टैंड परिसर के अंदर ही खड़ी करें। साथ ही बस स्टैंड परिसर एवं सड़क किनारे किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की।

---

**निगमायुक्त ने बस स्टैंड, मुक्तिधाम परिसर एवं शिवाजी कॉलोनी का किया औचक निरीक्षण**

# बस स्टैण्ड की बदहाल व्यवस्था देखकर निगम आयुक्त ने लगाई फटकार, सामग्री करें जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने मंगलवार को बस स्टैंड जोन क्रमांक 1 के विभिन्न स्थलों का औचक निरीक्षण किया गया।निरीक्षण उपरान्त जोन कार्यालय बस स्टैंड में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में पहुंचे नागरिकों के आवेदनों एवं समस्याओं पर सुनवाई करते हुए विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण करने सख्त हिदायत

जोन कार्यालय में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में पहुंचे नागरिकों के आवेदनों एवं समस्याओं की निगमायुक्त सुश्री परिहार द्वारा गंभीरतापूर्वक सुनवाई करते हुए आवेदनों पर प्राथमिकता से कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान अतिक्रमण, पेयजल, साफ सफाई, सड़क नाली निर्माण, बिना अनुमति निर्माण सहित अन्य विभागीय समस्याओं एवं शिकायतों के आवेदन पर सुनवाई की गई।

### कबाड़ एवं ठेले हटवाये

निगमायुक्त द्वारा बस स्टैंड सम्पूर्ण परिसर के पैदल निरीक्षण के दौरान निर्मित दुकानों आवंटन की स्थिति, यात्री प्रतीक्षालय, सुलभ शौचालय सहित अन्य स्थलों का निरीक्षण कर सफाई एवं आवागमन व्यवस्था दुरूस्त करनें के की हिदायत स्वास्थ्य अमले को दी। यात्री प्रतीक्षालय के निरीक्षण के दौरान आगामी ग्रीष्म ऋतु के पूर्व पेयजल व्यवस्था एवं विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ करनें के साथ ही परिसर के गढडों की फिलिंग करानें अव्यवस्थित खड़े ठेले टपरों को हाकर्स जोन में व्यवस्थित करनें, पुरानें टिकट काउंटर के समक्ष निरीक्षण के दौरान अनाधिकृत रूप से पड़े कबाड़ को देखकर नाराजगी व्यक्त की जाकर कबाड़ समाग्री जब्त करनें हेतु अतिक्रमण प्रभारी मानेंद्र सिंह को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान स्थानीय बस ऑपरेटर राम जी पाण्डेय से संचालित होने वाली बसों, बस स्टैंड की व्यवस्थाओं आदि की भी विस्तार से जानकारी ली।

निगमायुक्त द्वारा निरीक्षण के अगले चरण में इंदिरा गांधी वार्ड स्थित शिवाजी कॉलोनी के मुख्य मार्ग का निरीक्षण स्थानीय पार्षद ओमप्रकाश सोनी एवं निगम अधिकारियों की मौजूदगी में करते हुए नागरिक सुविधाओं का जायजा लिया। निगमायुक्त द्वारा कॉलोनी के नियमितीकरण की प्रक्रिया एवं जमा विकास शुल्क की जानकारी ली जाकर पुनः विकास शुल्क शिविर का आयोजन कर शासन नियमानुसार विकास कार्य कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

### शवदाह गृह का निरीक्षण

निरीक्षण के अगले चरण में निगमायुक्त द्वारा नदी पर स्थित मुक्तिधाम परिसर का भ्रमण करते हुए वहां निगम प्रशासन द्वारा मुहैया कराई जाने वाली व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने क्षतिग्रस्त बाऊण्डीवाल को दुरुस्त कराने, साफ-सफाई हेतु अतिरिक्त कर्मचारी नियुक्त करने के निर्देश दिए। निगमायुक्त द्वारा मुक्तिधाम परिसर में निर्मित गैस आधारित शवदाह गृह का ताला खुलवा कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए इसे चालू करने में आ रही समस्याओं की जानकारी लेते अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रदूषण मुक्त शवदाह गृह पुनः चालू कराया जाए इसके लिए और जानकारी एकत्रित कर कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया। निगमायुक्त ने कहा कि शवदाह गृह का संचालन होने से शासकीय योजना क्रियान्वित होगी तथा मुक्तिधाम प्रदूषण मुक्त होगा।

---



# सभी पात्र हितग्राहियों के शत प्रतिशत बने आयुष्मान कार्ड

**एसडीएम ने बैठक में दिये निर्देश, एक सप्ताह में लक्ष्य करें पूरा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

एसडीएम बहोरीबंद राकेश चौरसिया द्वारा सभी पात्र हितग्राहियों के शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु स्वस्थ विभाग के मैदानी कार्यकर्ता सीएचमो व एएनएम की बैठक लेकर सख्त निर्देश दिए। एसडीएम ने स्पष्ट रूप से आदेशित किया गया कि एसआईआर सर्वे की तरह सभी पात्र हितग्राही की सूची अनुसार आयुष्मान कार्ड का लक्ष्य आगामी एक सप्ताह में पूरा करें। वर्तमान में 55 प्रतिशत कार्य पूरा हुआ है जिसकी प्रतिदिन समीक्षा कर कार्य प्रगति से लक्ष्य पूर्ति की जाए। साथ ही बहोरीबंद जनपद सीईओ बहोरीबंद को निर्देशित किया गया कि सभी सचिव व रोजगार सहायक उक्त कार्य में स्वस्थ विभाग के सहयोग करें। ग्राम स्तर पर आशा आंगनवाड़ी ,आदि मैदानी कार्यकर्ता हर पात्र हितग्राही को सूजी अनुसार कार्ड बनावे संबंधित प्रचार प्रसार करे और आयुष्मान कार्ड के लाभ की जानकारी जन जागरूकता पात्र हितग्राहियों को दे।

### दी गई जानकारी

आयुष्मान नोडल अधिकारी स्वास्थ्य विभाग बीसीएम रॉबिन गुप्ता ने जानकारी दी कि इस संबंध में सभी सीएचओ, आशा आशा की आईडी बनी हुई है। अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियो संपर्क कर शतप्रतिशत कार्ड बनवाए।

इस दौरान मेडिकल ऑफिसर डॉ अनुराग शुक्ला,बीपीएम डॉ अरुण शुक्ला सहित स्वास्थ्य अमला मौजूद रहा।

---

# जब जब अत्याचार बढ़ता है तो भक्तों के कष्ट हरने अवतरित होते है भगवान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

खुल गए सारे ताले क्या बात हो गई, जब जन्मे कन्हैया वाह क्या बात हो गई। नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की, हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की। भगवान श्रीकृष्ण के प्राकट्य अवसर पर जब व्यासपीठ से यह भजन गूंजे तो समूचा वातावरण आनंद से भर गया। अवसर था विश्व कल्याण की कामना को लेकर ग्राम खिरहनी स्थित हरिदास महाराज मंदिर मै चल रहे सप्ताह ज्ञान यज्ञ मै कथा के चतुर्थ दिवस मंगलवार का।इस मौके पर कथा व्यास पंडित रमाकांत पौराणिक की मौजूदगी में जन्मोत्सव का कथा रस बरसा। बालकृष्ण की सुंदर झांकी देख श्रद्धालु विभोर हो गए। जन्मोत्सव के खास अवसर के लिए कथा पांडाल को गुब्बारों और फूलों से सजाया गया। नन्हें मुन्हें बच्चे भी कृष्ण रूप में श्रद्धालुओं को लुभा रहे थे। वसुदेव जब डलिया में बाल कृष्ण को डलिया में लेकर निकले तो उनकी एक झलक पाने के लिए श्रद्धालुओं में होड़ मच गई। श्रद्धालु कृष्णभक्ति में विभोर होकर नाच उठे। कथा वाचक ने कहा कि जीव जीवन भर अहंकार में जीता है, लेकिन जब अंत समय निकट आता है तो उसे भगवान याद आते हैं। जीवन भर किए गए पाप अंत समय की गुहार से नहीं कट सकते, इसलिए प्रतिपल भगवान का सुमिरन करते रहे, जिससे आप पाप कर्मों की ओर नहीं बढ़ेंगे और सत्कर्मों की प्रेरणा मिलती रहेगी। वामन भगवान की कथा सुनाते हुए उन्होंने कहा कि तीन पग यानि धर्म, अर्थ काम हैं, यदि इनका ठीक प्रकार से निर्वहन हो गया तो मोक्ष की प्राप्ति हो जाती है। राजा बलि के दान से प्रसन्न होकर भगवान वामन ने जब वरदान देने को कहा तो बलि ने कहा कि भगवन आते जाते बस आपके दर्शन हो जाएं, मुझे और कुछ नहीं चाहिए, इस तरह बलि ने भगवान को अपना द्वारपाल बना लिया। बलि बाद में इंद्र बनकर इंद्र के सिंहासन पर विराजमान हुए। अर्थात भगवान की कृपा जब मिलती है तो संसार के सारे सुख भक्त की झोली में आ जाते हैं।सायकालीन आरती कर कथा को विश्राम दिया गया व प्रसाद का वितरण किया गया।

---

### बहोरीबंद में सामूहिक विवाह कल 43 जोड़े लेंगे सात फेरे

**स्लीमनाबाद।** बहोरीबंद जनपद में 19 फ़रवरी गुरुवार को मुख्यमंत्री कन्यादान-निकाह योजना अंतर्गत सामूहिक विवाह आयोजन होगा।तिथि निर्धारण के बाद जनपद की सभी 79 ग्राम पंचायतों से सामूहिक विवाह मैं अधिक से अधिक जोड़े शामिल करें ताकि गरीब जरूरतमंद लोगों को इसका लाभ मिल सके।योजना के तहत कन्या /विधवा (कल्याणी /परित्यक्ता जो विवाह करने के इच्छुक हो उनके आवेदन मंगवाएं गये। आवेदन आने के बाद उनकी जाँच पड़ताल की गईं जिसमें 43 जोड़े सामूहिक विवाह आयोजन के लिए पात्र पाए गये!जो अब 19 फ़रवरी को सरकारी शादी मै सात फेरे लेंगे। इस संबंध में जनपद सीईओ अभिषेक कुमार का कहना था कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह- निकाह योजना के तहत बहोरीबंद विकासखंड में 19 फ़रवरी 2026 को सामूहिक विवाह आयोजन आयोजित होगा। सामूहिक विवाह में 43 जोड़े परिणय सूत्र में बधेगे। सामूहिक विवाह आयोजन के लिए तैयारियां जारी है।

---

### पैरालीगत वालेंटियर्स के साथ बैठक का आयोजन



आगामी 14 मार्च को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन 17 फरवरी को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कटनी के सभा कक्ष में पैरालीगल वालेंटियर्स के साथ मीटिंग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सुमित शर्मा, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कटनी एवं हर्षित बिसेन जिला विधिक सहायता अधिकारी के द्वारा पैरालीगल वालेंटियर्स से वन-टू-वन आवश्यक चर्चा की और दिशा निर्देश दिये की ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के लोगों को लोक अदालत से होने वाले लाभों के बारे में बताए, जिससें न्यायालय में लंबित समस्त राजीनामा योग्य प्रकरणों का आपसी समझौते से अधिक से अधिक संख्या में निराकरण कराया जा सकें। आमजनों को लोक अदालत के लाभों से जागरूक किये जाने हेतु पैरालीगल वालेंटियर्स को पम्प्लेट्स प्रदाय किये गए। सुमित शर्मा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कटनी के द्वारा आमजनों से अपील की है कि 14 मार्च नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में अपने प्रकरणों का आपसी समझौता से निराकरण कराकर लोक अदालत का लाभ उठाएं और समाज में भाई-चारा बनायें। इस अवसर पर अधिक संख्या में पैरालीगल वालेंटियर्स उपस्थित रहें।

---

# जंगल के बीच बकुहली के शिव मंदिर में रही भीड़, परसेल में निकली शिव बारात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान



उमरियापान से करीब 12 किलोमीटर दूर घने जंगलों और पथरीली डगर के बीच स्थित बकुहली के प्राचीन भोलेनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया। सुबह से ही मंदिर परिसर में धार्मिक अनुष्ठान प्रारंभ हुए। पूजन के साथ ही भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कठिन रास्ता और घना जंगल होने के बावजूद भक्तों का उत्साह कम नहीं हुआ और दूर-दूर से लोग दर्शन के लिए पहुंचे।मंदिर तक पहुंचने के दौरान श्रद्धालुओं ने जंगल के प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लिया। कई लोगों ने रास्ते में दिखाई दिए वन्यजीवों और मनोरम दृश्यों को अपने कैमरों में कैद किया। बाद में इन दृश्यों को सोशल मीडिया पर साझा किया गया, जो तेजी से वायरल हो रहे हैं।

### परसेल में निकली बारात

क्षेत्र के परसेल में महाशिवरात्रि पर्व पर श्रद्धालुओं ने भगवान शिव और माता पार्वती की बारात निकाली।बारात खेर माता मंदिर से प्रारंभ होकर राधा कृष्ण मंदिर होते हुए बस स्टैंड पहुँची। मार्ग में श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए झूमते नजर आए। बस स्टैंड परिसर में भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह की पारंपरिक रस्में विधि-विधान से संपन्न कराई गईं। प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की सहभागिता रही।

---

**महाविद्यालय बरही में वार्षिक स्नेह सम्मेलन कलरव का आयोजन**

# उत्कृष्ट कार्य एवं विभिन्न कार्यक्रमों के विजेता प्रतिभागियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



शासकीय महाविद्यालय बरही में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर. के. त्रिपाठी की अध्यक्षता एवं सांस्कृतिक प्रभारी सौरभ तिवारी के संयोजकत्व में शैक्षणिक सत्र 2025-26 का वार्षिक स्नेह सम्मेलन कलरव 2026 अत्यंत सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में यश पाठक की उपस्थिति रही। वहीं विशिष्ट अतिथियों के रूप में पीयूष अग्रवाल, श्रीमती सुधा जायसवाल, सतीश नारायण तिवारी एवं जगदीश गुप्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के प्रारंभ में महाविद्यालय के स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं द्वारा ढोल-ताशों के साथ मुख्य अतिथि का अत्यंत आत्मीय एवं भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय परंपरा के अनुरूप विद्या की देवी मां सरस्वती जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। तत्पश्चात सभी मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का पुष्प गुच्छ, साल, श्रीफल देकर एवं बैच लगाकर सम्मान किया गया।

इस अवसर पर बरही नगर परिषद के पार्षद संतोष द्विवेदी, प्रवीण त्रिवेदी, ए. पी. श्रीवास्तव, कैलाश कचेर, नंदू गुप्ता, राहुल राज सोनी, अभय पाठक और मातृ शक्ति किरण ठाकुर सहित, नगर के गणमान्य नागरिक, पत्रकार बंधु एवं प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान विशिष्ट अतिथियों द्वारा अपने सारगर्भित एवं प्रेरणादायी वक्तव्यों से छात्र-छात्राओं को नवीन ज्ञान एवं सकारात्मक दृष्टिकोण प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि यश पाठक ने भारत माता की जय के उद्घोष के साथ अपना वक्तव्य आरंभ किया तथा महाविद्यालय की प्रगति एवं क्षेत्र के युवाओं की शैक्षणिक उन्नति को लेकर अपने उत्साहपूर्ण विचार व्यक्त किए। उन्होंने आश्वस्त किया कि क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने हेतु निरंतर प्रयास किए जाएंगे।

कार्यक्रम की अगली कड़ी में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिनकी उपस्थित जनसमूह द्वारा सराहना की गई। तत्पश्चात मुख्य एवं अतिथियों द्वारा प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

---

**कन्या महाविद्यालय में सात दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ**

# छात्राओं में नेतृत्व क्षमता के साथ टीमवर्क की भावना होगी विकसित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी




शासकीय कन्या महाविद्यालय कटनी में प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। यह शिविर ग्राम मझगवां स्थित मानव जीवन विकास समिति परिसर में 16 फरवरी से 22 फरवरी तक आयोजित किया जा रहा है।

शिविर का प्रथम दिवस अत्यंत उत्साहपूर्ण एवं प्रेरणादायी रहा। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के तैल चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण से हुई। इस अवसर पर मानव जीवन विकास समिति के सचिव निर्भय सिंह, अन्य सदस्यगण तथा महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ. विमला मिंज, डॉ. रश्मि चतुर्वेदी एवं श्रीमती वंदना मिश्रा उपस्थित रहीं। कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. रीना मिश्रा, डॉ. प्रतिमा सिंह, डॉ. संजयकांत भारद्वाज एवं श्रीमती रिचा दुबे के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर में छात्राओं को सामाजिक सेवा, नेतृत्व क्षमता एवं सामूहिक कार्य संस्कृति का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

डॉ. विमला मिंज ने छात्राओं का उत्साह बढ़ाते हुए शिविर की शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह सात दिवसीय प्रशिक्षण छात्राओं में नेतृत्व क्षमता, सहयोग की भावना तथा टीमवर्क को विकसित करने का सशक्त माध्यम बनेगा। वहीं श्री निर्भय सिंह ने छात्राओं को संस्था के माध्यम से उपयोगी अनुभव अर्जित कर जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का संदेश दिया।

डॉ. रश्मि चतुर्वेदी ने अनुशासन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए परिसर की जैव-विविधता का अवलोकन कर उससे प्रेरणा लेने तथा प्रोजेक्ट कार्य करने की सलाह दी। श्रीमती वंदना मिश्रा ने छात्राओं को आगामी गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया।

छात्राओं ने तत्परता दिखाते हुए परिसर की साफ-सफाई की तथा शिविर के सुचारु संचालन हेतु कार्य योजना तैयार की। नीलम सोनखरे द्वारा दलों का गठन कर ग्रुप लीडर नियुक्त किए गए, जिससे कार्य विभाजन व्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ। डॉ. रीना मिश्रा, डॉ. प्रतिमा सिंह एवं श्रीमती रिचा दुबे ने छात्राओं को शिविर के दौरान प्रस्तावित गतिविधियों की विस्तृत जानकारी देते हुए अपेक्षित कार्यों पर मार्गदर्शन प्रदान किया।

विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा कि प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात ने विपरीत परिस्थितियों के बावजूद वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शिविर का अवलोकन किया तथा छात्राओं, कार्यक्रम अधिकारियों एवं सभी सहयोगियों को सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह शिविर सेवा भावना को सुदृढ़ करने के साथ-साथ छात्राओं के सर्वांगीण विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

---

# पुलिस की जनसुनवाई में आई 35 शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



मंगलवार को पुलिस कंट्रोल रूम में जनसुनवाई आयोजित किया गया जिसमें जिले भर से बड़ी संख्या में नागरिक अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। अधिकारियों ने एक-एक फरियादी की शिकायत गंभीरता से सुनी और संबंधित थाना व शाखा प्रभारियों को समयबद्ध एवं निष्पक्ष जांच के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान कुल 35 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, मारपीट, धोखाधड़ी, साइबर अपराध, महिला उत्पीड़न तथा थानों से जुड़ी शिकायतें प्रमुख रहीं। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सभी प्रकरणों की विधिसम्मत जांच कर शीघ्र निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा ।

वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य आमजन को थानों के अनावश्यक चक्कर से राहत दिलाना और पुलिस-जन संवाद को मजबूत बनाना है। ऐसे कार्यक्रम आगे भी नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे, ताकि नागरिकों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान हो सके।

## खास बातें

### ज्ञान गंगा पब्लितक स्कूल बांदकपुर के विद्यार्थियों ने कलेक्टर से भेंट की

**दमोह।** ज्ञान गंगा पब्लिक स्कूल बांदकपुर के विद्यार्थियों ने कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर से सौजन्य भेंट कर विद्यालय की ओर से शैक्षणिक सामग्री भेंट की। बच्चों ने कहा कि कलेक्टर सर हमारे जिले के लिए बहुत अच्छा काम कर रहे हैं, जिससे हम प्रेरित हो रहे हैं उनका मार्गदर्शन मिला। इस दौरान विद्यालय प्राचार्य अंशु दुबे, संचालक विनीता दुबे एवं समाजसेवी श्रीकृष्णा पटैल नेदेव श्री जागेश्वर नाथ जी महादेव का चित्र भेंट किया।

### नशे में धमकाने वाले आरोपी हिरदेश उर्फ रानू तिवारी गिरफ्तार, जेल भेजा

**छतरपुर।** छतरपुर जिले के छत्रसाल चौक में एक फरियादी से जबरदस्ती पैसों की मांग करने और नशे की हालत में उपद्रव मचाने के आरोप में पुलिस ने सख्त कार्रवाई की है। आरोपी हिरदेश उर्फ रानू तिवारी, निवासी जमेरा कुनेता, जिला टीकमगढ़ को सिविल लाइन पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी नशे में धुत होकर छत्रसाल चौराहे पर मौजूद फरियादी से पैसे ऐंठने की कोशिश कर रहा था और विरोध करने पर उपद्रव रचने लगा था।

## आर्थिक संकट गहराया, सौंपा ज्ञापन

# जनपद कर्मचारियों का तीन माह से वेतन लंबित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

जनपद पंचायत में पदस्थ कर्मचारियो जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मनीष बागरी को एक ज्ञापन सोपा है जिसमें उल्लेख किया है विगत एक वर्ष से वेतन के अनियमित भुगतान एवं पिछले तीन माह दिसम्बर 2025, जनवरी 2026 एवं फरवरी 2026 के पूर्णतः लंबित वेतन को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की है।

कर्मचारियों के अनुसार बजट आवंटन के अभाव में नियमित वेतन भुगतान नहीं हो पा रहा है, जिससे उन्हें एवं उनके आश्रित परिवारों को गंभीर आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कर्मचारियों ने बताया कि रक्षाबंधन, दीपावली एवं होली जैसे प्रमुख त्योहारों पर भी वेतन प्राप्त नहीं हो सका, जिससे पारिवारिक एवं सामाजिक दायित्वों के निर्वहन में भारी परेशानी हुई। वर्तमान स्थिति में बच्चों की स्कूल फीस, दैनिक आवश्यकताओं एवं पारिवारिक भरण-पोषण की व्यवस्था करना अत्यंत चुनौतीपूर्ण हो गया है। इस संबंध में जनपद पंचायत कार्यालय द्वारा समय-समय पर पंचायतराज संचालनालय एवं जिला कार्यालय को मांग पत्र प्रेषित किए गए हैं, किन्तु अब तक वेतन आवंटन प्राप्त नहीं हुआ है। कर्मचारियों का कहना है कि वे निरंतर प्रशासनिक दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं, परंतु वेतन न मिलने से उनका मनोबल प्रभावित हो रहा है। समस्त कर्मचारियों ने शासन एवं प्रशासन से विनम्र आग्रह किया है कि लंबित तीन माह का वेतन शीघ्र अति शीघ्र जारी किया जाए तथा आगामी माहों में नियमित रूप से बजट आवंटन सुनिश्चित कर समय पर वेतन भुगतान की व्यवस्था की जाए। साथ ही, संचालनालय स्तर से समयबद्ध बजट जारी करने हेतु आवश्यक निर्देश प्रसारित करने की भी मांग की गई है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि आगामी माहों में नियमित वेतन भुगतान सुनिश्चित नहीं किया गया तो वे सामूहिक अवकाश पर जाने के लिए बाध्य होंगे, जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# सशक्त संगठन ही भाजपा की सबसे बड़ी शक्ति है - अर्चना सिंह

### जिला प्रभारी ने जिला संगठनात्मक बैठक ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश मंत्री एवं दमोह जिला संगठन प्रभारी श्रीमती अर्चना गुड्डू सिंह के दमोह जिला प्रवास के दौरान जिला भाजपा कार्यालय में महत्वपूर्ण जिला बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला प्रभारी श्रीमती अर्चना गुड्डू सिंह, जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, पूर्व जिलाध्यक्ष नरेंद्र व्यास, जिला महामंत्री रामेश्वर चौधरी, महेश पटेल, अरूण तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रंजीता पटेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती मंजू कटारे, पूर्व विधायक पी एल तंतुवाय, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रीति ठाकुर मंचासीन रहे। बैठक का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिला पदाधिकारी गण एवं सभी उपस्थित कार्यकर्ताओं ने पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर जिला प्रभारी का स्वागत किया।



श्रीमती अर्चना सिंह ने कहा कि सशक्त संगठन ही भाजपा की सबसे बड़ी शक्ति है। प्रत्येक बूथ को सुदृढ़ करना, संगठन के करणीय कार्य, विविध कार्यक्रम को गति प्रदान करना और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाना है। संगठनात्मक अनुशासन, समन्वय और सक्रिय संवाद ही सफलता की कुंजी हैं।

जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व के मार्गदर्शन में दमोह जिला संगठन निरंतर मजबूत हो रहा है। जिले के सभी मंडलों में कार्यकर्ता पूरी ऊर्जा और समर्पण के साथ संगठन विस्तार में जुटे हैं। आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा से निभाता आ रहा है और निभाता रहेगा।

जिला बैठक में मंडलवार गतिविधियों की समीक्षा की गई तथा सभी से परिचय कराया गया।

बैठक का संचालन जिला महामंत्री अरुण तिवारी एवं आभार प्रकट दमयंती मंडल अध्यक्ष रमाकांत वाजपेयी ने किया। जिला बैठक के पूर्व बटियागढ में मंडल बैठक में शामिल हुई एवं कार्यकत्ताओं ने स्वागत किया।

बैठक में जिला उपाध्यक्ष संजय सेन, राघवेंद्र सिंह परिहार, अमित बजाज, संजय यादव, मनीष तिवारी, करन सिंह लोधी, श्रीमती सुमन उपाध्याय, जिला मंत्री कपिल शुक्ला, भरत यादव, रानू नामदेव, भारत सिंह, श्रीमती सुधा सेन, जिला कोषाध्यक्ष सुरेश पटेल, सह कोषाध्यक्ष श्रीमती कुसुम खरे, जिला कार्यालय मंत्री देवकीनंदन पटेल सह प्रभारी दिलीप चौरसिया, जिला मीडिया प्रभारी एवं युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रिंस जैन, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष गणेश जाटव, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष साजिद रिजवी, किसान मोर्चा अध्यक्ष हरिश्चंद्र पटेल, पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष भोला सराफ, आईटी सेल संयोजक रिंकू गोस्वामी, सोशल मीडिया संयोजक संदीप शर्मा सभी मंडलों के अध्यक्ष, महामंत्री, जनप्रतिनिधि गण, पार्षद गण सहित बड़ी संख्या में ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं की गरिमामय उपस्थिति रही।



## जनसुनवाई में 206 आवेदनों पर हुई सुनवाई

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 10 में आयोजित जनसुनवाई में जिले के दूरदराज क्षेत्रों से आये हितग्राहियों की समस्याओं को सुना। इस दौरान सामान्य जनसुनवाई में 206 आवेदनों पर सुनवाई करते हुये संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में 18 आधार कार्ड एवं 200 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही जनसुनवाई के दौरान कुछ सामूहिक आवदेन भी दिए गए। इस दौरान लोक सेवा प्रबंधक चक्रेश पटेल सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे। जिले के ग्राम नोहटा, अभाना सहित चिन्हित 25 पंचायतों में जनसुनवाई के दौरान 16 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें शत-प्रतिशत आवेदनों का निराकरण किया गया।

## सहभागिता हेतु दिया प्रमाण पत्र

**जबेरा।** विगत दिवस मध्यप्रदेश शासन के स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित जिला स्तरीय तीन दिवसीय राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम आयुष्मान भारत के अंतर्गत उमंग स्कूल हेल्थ एण्ड वेलनेस प्रशिक्षण के सफल समापन पर समस्त प्रतिभागी शिक्षक शिक्षिकाओं को प्रमाण पत्र प्रदान किये गए। जिसके तहत सक्रिय सहभागिता एवं प्रशिक्षण पूर्णता का एक प्रमाण पत्र जिला शिक्षा अधिकारी दमोह,मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दमोह आर के अठ्या तथा अध्यक्ष ग्राम भारती महिला मंडल दमोह के द्वारा राष्ट्रपति



पुरस्कृत एवं मास्टर ट्रेनर माधव पटेल के कर कमलों से राजेश जैन माध्यमिक शिक्षक शासकीय कन्या माध्यमिक शाला जबेरा को प्रशिक्षण स्थल अरिहंत होटल में प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में इनके अलावा जिला स्वास्थ्य अधिकारी रीता चटर्जी, डाइट प्राचार्य आर पी विश्वकर्मा, ए के सिंह,जिनेन्द्र जैन एपीसी, भगवत पटेल, दिलीप द्विवेदी, तुलसी राज इत्यादि ने प्रशिक्षण प्रदान किया। जिसमें अब कक्षा छटवी से बारहवीं तक के विद्यर्थियो हेतु प्रति मंगलवार इस कार्यक्रम के अंतर्गत स्वस्थ्य सम्बन्धी जानकारी से अवगत कराना अनिवार्य है।प्रशिक्षण में जिले समस्त विद्यालयों के शिक्षक शिक्षिकाएं सम्मिलित हुए।

## श्रीमद्भागवत कथा की निकली शोभायात्रा

**बनवार।** बुंदेलखंड के प्रसिद्ध तीर्थ क्षेत्र देव श्री जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर के समीप ग्राम जुझार में व्यारमा नदी तट स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर परिसर में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ अत्यंत श्रद्धा, उल्लास और भक्तिभाव के साथ भव्य शोभायात्रा द्वारा किया गया। पूरा ग्राम भगवामय हो उठा और "राधे-राधे" तथा "हरि बोल" के जयकारों से वातावरण गूंजायमान रहा। शोभायात्रा का शुभारंभ हनुमान मंदिर से कथा व्यास पंडित श्री सालिगराम पांडे महाराज की पावन उपस्थिति में हुआ। मुख्य श्रोताओं में जगत सिंह लोधी, पप्पू सिंह लोधी, कमलाबाई विश्वकर्मा, रंगोबाई ठाकुर, महंतीबाई अठया, जमुनाबाई अठया, अभय अठया, नन्हेंलाल अठया, दुर्गाबाई अठया, हरिराम अठया, हरिबाई अठया, छोटेलाल अठया, क्रांति अठया, भगवानदास



सेन, चतराबाई सेन, सेकल सेन एवं मुन्नीबाई सेन सहित अनेक श्रद्धालुओं ने भागवत महापुराण, भगवान श्रीकृष्ण, राधारानी एवं हनुमानजी का विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर मंगल आरती की। सजी-धजी कलशधारी माताओं-बहनों की अगुवाई में शोभायात्रा खेर माता मंदिर, राधा-कृष्ण मंदिर, चंडी माता मंदिर एवं दूल्हा देव बाबा सहित विभिन्न चौराहों से होकर निकली। ढोल-नगाड़ों और बैंड की मधुर धुन पर श्रद्धालु भक्ति में झूमते हुए कथा स्थल तक पहुंचे, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शोभायात्रा का समापन हुआ। मार्ग में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर भक्तों का स्वागत किया गया। हिंदू परंपरा में कलश को मंगल, समृद्धि और देवत्व का प्रतीक माना गया है। कलश में स्थापित जल, आम्र-पल्लव और नारियल सृष्टि, जीवन और पवित्रता का द्योतक हैं। कथा या किसी भी धार्मिक अनुष्ठान से पूर्व निकाली जाने वाली कलश यात्रा यह संदेश देती है कि आयोजन केवल कार्यक्रम नहीं, बल्कि ईश्वर की कृपा और सकारात्मक ऊर्जा का आह्वान है। मान्यता है कि कलश यात्रा से वातावरण शुद्ध होता है, ग्राम-समाज में सुख-शांति का संचार होता है और कथा श्रवण का पुण्य कई गुना बढ़ जाता है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। आयोजन की जानकारी देते हुए विनोद पांडे ने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा ग्रामवासियों के सहयोग तथा ग्राम पंचायत रियाना के सरपंच दर्शन सिंह लोधी के मार्गदर्शन में संपन्न हो रही है। ग्रामीणों की एकजुटता और सेवा भाव ने आयोजन को दिव्यता और भव्यता प्रदान की। ग्राम जुझार में प्रारंभ हुई यह श्रीमद् भागवत कथा आगामी दिनों में भक्तों को धर्म, ज्ञान और भक्ति के अमृत से सराबोर करेगी।

# जै-जै सरकार वार्षिक महोत्सव के मौके पर आयोजित किया गया रक्तदान शिविर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के.अठया ने बताया कि दमोह जिले के फतेहपुर स्थित देवश्री रामकौमार सरकार अजबधाम में आज जै-जै सरकार वार्षिक महोत्सव के अन्तर्गत अजब श्री सेवा समिति एवं शिष्य परिकर के तत्वाधान में स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में सायं 05.00 बजे तक 121 यूनिट रक्त एकत्रण किया जा चुका है, शिविर अनवरत जारी है। शिविर का शुभारंभ महंत छोटे सरकार श्री राम अनुग्रह दास जी महाराज के सानिध्य में किया गया। इस अवसर पर महंत जी ने रक्तदान को महादान बताते हुए सभी को मानव सेवा के इस कार्य में सहभागी बनने का संदेश दिया। शिविर में जिला स्तर से जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रीता चटर्जी ने विशेष रूप से सहभागिता की तथा आयोजन स्थल पर पहुचकर रक्तदान प्रक्रिया एवं व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस दौरान सी.बी.एम.ओ. हटा डॉ. यू.एस.पटेल मौजूद रहे। जिला पैथालॉजिस्ट डॉ. प्रशांत सोनी के मार्गदर्शन में उनकी टीम आवश्यक तैयारियों एवं ब्लड डोनेशन वैन के साथ फतेहपुर पहुची। जिला स्तरीय दल में शामिल लैब टैक्नीशियन सौरभ खरे, मकसूद, संजय प्यासी, अनुपम खरे लैब अटेण्डेंट मनोज शर्मा एवं सिविल अस्पताल के लैब टैक्नीशियन मनीष श्रीवास्तव ने रक्तदाताओं का आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण कर सुरक्षित रूप से रक्त संग्रह किया गया। रक्तदाताओं का पूर्व पंजीयन, प्राथमिक स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

शिविर सथल पर स्वच्छता, पेयजल, स्वल्पाहार एवं विश्राम की समुचित व्यवस्था की गई। रक्तदान शिविर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, स्थानीय नागरिकों, युवाओं, समाज सेवियो एवं विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की।

## सत्येंद्र सिंह बने लोधी समाज की प्रदेश महामंत्री

**जबेरा।** विधानसभा क्षेत्र जबेरा के विधायक एवं मध्य प्रदेश शासन के संस्कृति पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी के अनुज सत्येंद्र सिंह लोधी को नोहलेश्वर महोत्सव के समापन अवसर पर क्षेत्र के लिए एक गौरवपूर्ण उपलब्धि के तहत अखिल भारतीय लोधी समाज को एक नई दिशा देने वाला निर्णय लिया गया। इस गरिमामय आयोजन में अखिल भारतीय लोधी, लोधा ,लोध महासभा के प्रदेश अध्यक्ष जालम सिंह पटेल के मार्गदर्शन में समाज की प्रदेश इकाई का विस्तार किया गया इसी क्रम में प्रदेश के लोकप्रिय मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी के अनुज एवं



दमोह जिला लोधी क्षत्रिय समाज के जिला अध्यक्ष भाव सिंह लोधी के छोटे पुत्र सत्येंद्र सह लोधी को समाज में उनकी सक्रियता, संगठन क्षमता एवं समर्पण भावना को देखते हुए प्रदेश महामंत्री का महत्वपूर्ण दायित्व सोपा गया है। प्रदेश महामंत्री बनाए जाने की घोषणा के साथ ही जबेरा विधानसभा क्षेत्र सहित पूरे दमोह जिले में हर्ष का वातावरण बन गया समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी, युवाओं, जनप्रतिनिधियों, एवं शुभचिंतकों के द्वारा सत्येंद्र सिंह लोधी को लगातार बधाइयां और शुभकामनाएं दी जा रही हैं लोगों का विश्वास है कि उनके नेतृत्व में समाज को संगठनात्मक मजबूती एवं सामाजिक एकता को नया बल मिलेगा। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष भाव सिंह लोधी ने कहा मुझे पूर्ण विश्वास है कि सत्येंद्र सिंह लोधी इस नवीन दायित्व का निर्वहन पूरी निष्ठा ,ईमानदारी एवं कुशलता के साथ करेंगे तथा समाज के सर्वांगीण विकास में युवाओं की भागीदारी एवं सामाजिक चेतना को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे । समाज के लोगों का मानना है कि यह नियुक्ति न केवल दमोह जिले बल्कि पूरे प्रदेश में लोधी समाज को एकजुट करने एवं उसकी आवाज को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा।

## नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर में खैरी सिंगौरगढ़ का किया भ्रमण

**जबेरा।** जनपद पंचायत जबेरा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत खैरी सिंगौरगढ़ में प्राचार्य डॉ. कमल चौरसिया के मार्गदर्शन में सात दिवसीय नेतृत्व प्रशिक्षण विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। प्रशिक्षण शिविर के द्वितीय दिवस उद्घाटन सत्र में प्राचार्य डॉ कमल चौरसिया द्वारा दीप प्रज्वलन कर मां सरस्वती और स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया गया। उसके पश्चात लक्ष्य गीत, सरस्वती वंदना के साथ प्रार्थना की गई। एन एस एस के शिविर में रोज के कार्यक्रम के अनुसार व्यापक योगासन प्राणायाम कराया गया। बौद्धिक सत्र में डॉक्टर हेमंत कुमार



साहू द्वारा विस्तार से कंप्यूटर के बारे में जानकारी दी गई एवं कंप्यूटर का पूरा इतिहास बताते हुए डिजिलॉकर एवं सॉफ्टवेयर अन्य चीजों की जानकारी बच्चों को प्रदान की गई। इसी कड़ी में डॉक्टर पंकज प्रवीण स्पोर्ट ऑफिसर के द्वारा बौद्धिक सत्र में खेल से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए बताया कि आप कैसे आगे बढ़ सकते हैं। परियोजना कार्य के अंतर्गत ग्राम संपर्क में एन एस एस के विद्यार्थियों द्वारा खेलों के महत्वपूर्ण कोर्सेस कौन सर्टिफिकेट के द्वारा रोजगार संबंधी जानकारी विस्तार पूर्वक सभी को दी गई। मध्यान के पश्चात ग्रामीण घरों में एनएसएस के स्वयंसेवकों द्वारा सर्वे का कार्य कराया गया। जिसमें परियोजना कार्य के अंतर्गत ग्राम खैरी सिंगौरगढ़ में लोगों के घरों में जाकर छात्रों द्वारा संपर्क किया गया और उनका स्वच्छता एवं स्वास्थ्य संबंधी सभी प्रकार की जानकारी एवं कीटनाशक संबंधी मच्छरों से बचाव आदि के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। ऋतिक संज्ञा में सांस्कृतिक संध्या में ग्रामीण जनों को भी शामिल कर

## बाटियागढ़ में एक दिवसीय उद्यमिता जागरूकता शिविर सम्पन्न

**दमोह।** बाटियागढ़ स्थित सावित्री बाई फुले शासकीय महाविद्यालय बाटियागढ़ में एक दिवसीय उद्यषमिता जागरूकता शिविर का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महाविद्यालय के विद्यार्थियों को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरों के प्रति जागरुक करना रहा। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. मुकेश तिवारी ने विद्यार्थियों को रोजगार और स्वरोजगार से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए मार्गदर्शन प्रदान किया। वहीं वीरेन्द्र जैन यूनिसेफ (UNICEF) द्वारा महिला उद्य मिता एवं लैंगिक समानता विषय पर विस्तार से चर्चा की गई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एम. एल. प्रजापति ने विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देते हुए उद्यमिता अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जिला समन्वयक, सेडमैप पी. एन. तिवारी ने विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम के सफल आयोजन में आशीष श्रीवास्तव एवं संजय गर्ग का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग

## चिश्ती नगर में तक़रीर कार्यक्रम में मौलानाओं ने की शिरकत



**दमोह।** स्थानीय पुराना बाज़ार चिश्ती नगर में दरगाह परिसर में तक़रीर और फ़ातिहा कार्यक्रम संपन्न हुआ इस अवसर पर स्थानीय मौलाना के अलावा जबलपुर से अतिथि मौलाना अब्दुल्ला सिद्दीकी साहब ने तक़रीर कार्यक्रम पेश किया उन्होंने पैगम्बर साहब की जीवनी पर आधारित बयान फरमाया वहीं मौलाना तहसीन रज़ा साहब ने भी तक़रीर पेश की इसके अलावा हाफिज ख़लील , हाफिज मुनव्वर रज़ा इरफान नूरी हाफ़ज़ि शहंशाह रज़ा , हाफ़ज़ि शेरूद्दीन ,हाफिज आदिल हुसैन साहब के अलावा शायर मंज़र दमोही ,ताबिश नैयर ,शफक भोपाली सहित स्थानीय अकीदतमंदों ने शिरकत की ।यह प्रोग्राम समाज सेवी हाजी कासिम ठेकेदार के इसाले सवाब कार्यक्रम आयोजित था कार्यक्रम में आये समस्त अतिथियों का आभार इदरीश ठेकेदार अब्बास ठेकेदार,

### जैन मिलन की 51 शाखाओं ने ली सहभागिता,सर्वश्रेष्ठ शाखा सम्मान जैन मिलन मकरोनिया को

# भारतीय जैन मिलन का वार्षिक क्षेत्रीय अधिवेशन संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह/सागर

भारतीय जैन मिलन क्षेत्र क्र.10 का वार्षिक क्षेत्रीय अधिवेशन महाकवि पद्माकर सभागृह मोतीनगर में,मुख्य अतिथि मा. शैलेन्द्र जैन विधायक सागर,समारोह गौरव वीर अजय जैन राष्ट्रीय महामंत्री सहारनपुर, वीर नरेश चंद्र जैन राष्ट्रीय मुख्य कार्य. अध्यक्ष देहरादून, वीर नरेंद्र चंद्र जैन राजकमल बडौत ,राष्ट्रीय कार्य. अध्यक्ष, वीर महेश जैन विलहरा संरक्षक जैन पंचायत सागर , वीर एड. कमलेन्द्र जैन राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष वीर अरुण चंदेरिया ने की। कार्यक्रम के प्रारंभ में ध्वजारोहण, शाखों द्वारा बैनर प्रेजेंटेशन के साथ कार्यक्रम स्थल तक सभी शाखों ने अपनी झांकियां के साथ प्रवेश किया। कार्यक्रम का प्रारंभ में मंगलाचरण,महावीर प्रार्थना से हुआ, मंच उद्घाटन चौधरी नितिन जैन करैया, चित्रावरण कपिल मलैया,




इंजी. महेश जैन एसडीओ, दीप प्रज्वलन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आर.के जैन दमोह, क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष प्रमोद जैन भाईजी ने किया। मंचासीन अतिथियों का सम्मान शाल श्रीफल स्मृति चिन्ह द्वारा किया गया। स्वागत भाषण सुरेंद्र जैन बहरोल ने दिया, क्षेत्रीय वार्षिक रिपोर्ट क्षेत्रीय अध्यक्ष द्वारा प्रस्तुत की गई। शाखाओं द्वारा संस्कृतिक प्रतुस्थितियां, श्रेष्ठ अध्यक्ष/ मंत्री सम्मान, शाखों का सम्मान, जिसमें जैन मिलन मकरोनिया को सर्वश्रेष्ठ शाखा का अवार्ड प्राप्त हुआ। राष्ट्रीय समिति द्वारा प्रश्नोत्तरी के तीन पुरस्कार जिसमें प्रथम जिनेश बहरोल, रविंद्र जैन को प्राप्त हुए। प्रतियोगिता का ड्रा निकल गया जिसमें प्रथम, द्वितीय, तृतीय,एवं 30 सात्तना पुरस्कार दिए गए। लकी ड्रा का प्रथम पुरूस्कार श्री बड़े बाबा जैन मिलन शाखा पटेरा के अध्यक्ष नरेन्द्र जैन बजाज को मिला जिन्हे सभी अतिथियों एवं दमोह जिले के सभी वीर बंधुओं ने बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन क्षेत्रीय मंत्री वीरांगना कविता जैन, वीरांगना अंजू जैन ने किया। आभार सुरेंद्र जैन बहरोल ने माना। कार्यक्रम मुख्य अतिथि मा.विधायक शैलेंद्र जैन ने कहा कि भारतीय जैन मिलन द्वारा किए गए कार्यों से निश्चित ही समाज में जागृति आती हैं, उनके सभी कार्य सराहनीय हैं। क्षेत्र 10 प्रभारी एवं राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष वीर कमलेन्द्र जैन ने कहा जैन धर्म में अनेक पंथ परंपराऐ हैं लेकिन भारतीय जैन मिलन सभी पंथ परंपराओं के समन्वय का कार्य करता हैं। भारत में 1450 एवं सात अन्य देशों में इसकी शाखाएं हैं जो जैन धर्म की प्रभावना का कार्य कर रही हैं। कार्यक्रम में पधारे राष्ट्रीय पदाधिकारीओं ने भी इस आयोजन कि सराहना की। कार्यक्रम में क्षेत्र की 51 शाखाएं सम्मिलित हुई। मुख्य रूप से संजय जैन शक्कर, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष वीर दिलेश जैन,मनीष विद्यार्थी, मंजू सतभैया, मुख्य संयोजक जिनेश जैन डब्बू, ऋषभ जैन स्टेशन मास्टर, विमल सतभैया उपस्थित रहें।

### सुनार नदी पुल पर रफ्तार का कहर, अनियंत्रित कार नरसिंहगढ़ नदी में गिरी

# अनियंत्रित कार नरसिंहगढ़ पुल के नीचे गिरी, रेस्क्यू के बीच पति की जान बची पत्नी का नहीं लगा सुराग

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

दमोह हीरापुर हाईवे पर एक बार फिर रफ्तार के कहर के चलते बड़ा हादसा हुआ है। नरसिंहगढ़ के आगे सीता नगर डैम के पानी से लबालब भरी सुनार नदी में मंगलवार शाम एक कार अनियंत्रित होकर गिर गई। हादसे के बाद कार चला रहा युवक जैसे तैसे बाहर निकलने में सफल रहा लेकिन साथ में बैठी उसकी पत्नी का कोई सुराग नहीं लग पाने से जल समाधि की आशंका जताई जा रही है।





प्राप्त जानकारी के अनुसार चैनपुरा निवासी नरसिंहगढ़ के ऑटो पार्ट्स दुकान संचालक सुनील अहिरवार रीनॉल्ट कंपनी की क्विड कार से अपनी पत्नि सपना के साथ मंगलवार शाम मकान के प्रसिद्ध हनुमान मंदिर दर्शन करने के लिए जा रहा था। नरसिंहगढ़ रेस्ट हाउस के नीचे बटियागढ़ रोड पर सड़क के ढलान पर उनकी कार अचानक अनियंत्रित होकर सुनार नदी पुल की साइड से उतरते हुए नदी की अथाह जल राशि में समा गई। बताया जा रहा है कि पुल से आ रहे किसी तेज रफ्तार वाहन द्वारा कार को कट मारे जाने पर चालक के द्वारा कार को भिड़ंत से बचाने की कोशिश की गई। इसी दौरान अनंत्रित होकर कार पुल के बजाए साइड से नदी में गिर गई। घटना की सूचना तत्काल प्रत्यक्ष दर्शियों के द्वारा पुलिस के साथ ग्रामीणों को दी गई और जानकारी लगते ही नरसिंहगढ़ चौकी पुलिस पुलिस मौके पर पहुंच गई। गोताखोरों की टीम को भी सूचना दी गई वही लोगों की भारी भीड़ एकत्रित हो गई। इधर जिला मुख्यालय से एसपी के निर्देश पर एएसपी एसएसभदोरिया सीएसपी एचआर पांडे के साथ देहात थाना पुलिस और गोताखोरों की टीम ने मौके पर पहुंचकर क्रेन की मदद से करीब 40 फुट नीचे पानी से भरी नदी में कार की तलाश शुरू की। लेकिन लगातार प्रयासों के बाद भी सफलता हाथ नहीं लगी। इधर कर को चला रहे सुनील अहिरवार जैसे तैसे कर से बाहर निकलने में सफल रहे जिनको पानी से बाहर निकाल कर इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मौके पर एसडीआरएफ की टीम प्राची दुवे के नेतृत्व में मोटरबोट एवं माईसेम फैक्ट्री की क्रेन की मदद से रेस्क्यू में कई घंटे तक चलता रहा। वही अंधेरा हो जाने की वजह से रेस्क्यू भी प्रभावित हुआ। परिजन महेश का कहना है कि हर मंगलवार की तरह सुनील पत्नी के साथ कार से हनुमान मंदिर बकायन शाला जा रहे थे इस दौरान गाड़ी अनियंत्रित होकर नदी में गिर गई।

## पिकअप और आटो की आमने सामने जोरदार भिड़ंतः डेढ़ दर्जन लोग घायल, 6 जबलपुर रेफर





**तेन्दूखेड़ा।** मंगलवार की शाम करीब 7 बजे थाना क्षेत्र के अंतर्गत अमंगल की घटना निकलकर सामने आई है जहां तेज रफ्तार दो वाहनों की आमने सामने जोरदार टक्कर हो गई है टक्कर इतनी भीषण थी कि हादसे के बाद दोनों वाहन पलट गए हादसा तारादेही मार्ग पर हुआ है घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की गई है हादसा तारादेही तेंदूखेड़ा मार्ग पर बहेरिया के पास अंधे मोड़ पर हुआ है जिसमें में डेढ़ दर्जन लोग घायल हुए हैं और 6 लोगों को जबलपुर रेफर किया गया है । घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार तारादेही थाना क्षेत्र के शिवलाल खमरिया से अहिरवार समाज के लोग पिकअप वाहन से बारात लेकर पंडा बाबा आए थे जहां से वापस शिवलाल खमरिया जा रहे थे लेकिन अधें मोड़ पर अचानक तारादेही की ओर से आ रहे आटों वाहन से भिड़ंत हो गई दोनों वाहन तेज रफ्तार में होने के कारण पलट गए इस हादसे में घायलों को दूसरे पिकअप वाहन से स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जिसमें रीना पिता मुकेश अहिरवार उम्र 13 वर्ष निवासी पौड़ी थाना पाटन जिला जबलपुर बारेलाल पिता दौलत अहिरवार 51 शिवलाल खमरिया थाना तारादेही चंदन पिता हरिदास अहिरवार उम्र 12 वर्ष निवासी शिवलाल खमरिया थाना तारादेही रुपलाल अहिरवार उम्र 59 निवासी शिवलाल खमरिया हरिदास पिता लटोरी अहिरवार उम्र 35 वर्ष निवासी शिवलाल खमरिया दम्मू पिता चखाई अहिरवार उम्र 35 वर्ष निवासी बीना बारह थाना महाराजपुर जिला सागर कैलाश अहिरवार उम्र 46 कुदपुरा थाना तारादेही शिवलाल पिता मिठाई लाल अहिरवार उम्र 58 वर्ष पौड़ी थाना तारादेही लक्ष्मण पिता काल्लू अहिरवार उम्र 55 वर्ष निवासी बैलढाना थाना तेंदूखेड़ा रतनलाल पिता जीवन अहिरवार उम्र 39 वर्ष निवासी पुरा थाना तेजगढ़ है यह घायल पिकअप वाहन से शिवलाल खमरिया जा रहे हैं साथ ही आटों वाहन में राजकुमार पिता मनोज नुनिया उम्र 25 वर्ष निवासी सहजपुर सीमा पति राजकुमार उम्र 23 वर्ष निवासी सहजपुर चाहत पिता विनेश नुनिया उम्र 14 वर्ष निवासी सहजपुर दिवांशी पिता राजकुमार नुनिया उम्र 5 वर्ष निवासी सहजपुर है चारों तेन्दूखेड़ा थाना क्षेत्र सहजपुर निवासी जो कबाड़ा खरीददारी करने गांव गांव जाते हैं और कबाड़ा खरीदकर वापस अपने आटों से सहजपुर आ रहे थे लेकिन हादसे में घायल हो गए। इस हादसे में आधा दर्जन लोग घायल हुए हैं जिनमे से 6 लोगों को गंभीर हालत में जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है जिसमें राजकुमार नुनिया 25 वर्ष सीमा नुनिया उम्र 23 वर्ष चाहत नुनिया उम्र 14 वर्ष दिवांशी नुनिया उम्र 5 वर्ष यह सभी आटों वाहन में सवार थे और तेन्दूखेड़ा थाना क्षेत्र सहजपुर निवासी हैं साथ ही लक्ष्मण अहिरवार 39 वर्ष और शिवलाल अहिरवार 58 वर्ष को रेफर किया गया है यह दोनों पिकअप वाहन में थे इनकी हालत गंभीर होने के चलते जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है

### जंगली जानवर को बचाने में हुआ हादसा

घटना की सूचना मिलते ही तेन्दूखेड़ा थाने से डायल 112 से पायलट संदीप अहिरवार सैनिक 272 पूरन सिंह मौके पर पहुंचे और आटों वाहन वाहन मे फंसे हुए घायलों को सुरक्षित निकाला और स्वास्थ्य केंद्र भेजा साथ ही सूचना मिलते ही थाना प्रभारी रावेन्द्र बागरी अपने स्टाफ के साथ स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और हादसे की जानकारी घायलों से ली और मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल शुरू की गई बताया गया है यह हादसा मोड़ पर अचानक से जंगली जानवर निकलकर सड़क पर आ गया और उसे बचाने के चक्कर में पिकअप वाहन सामने आ रहे आटों से टकराकर दोनों वाहन पलट गए इस हादसे में डेढ़ दर्जन लोग घायल हुए हैं जिनका इलाज स्वास्थ्य केंद्र तेन्दूखेड़ा में चल रहा है 6 लोगों को जबलपुर रेफर किया गया है पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

## प्रतिष्ठा ही अनावृत मूर्ति का जीवंत सृजन : श्री भगवान वेदांताचार्य



हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

काशी स्थित श्री राम जानकी मंदिर तपस्वी आश्रम, लहरतारा में 17 फरवरी 2026 को गुरुदेव श्री भागवत दास जी महाराज की प्रतिमा अनावरण महोत्सव का द्वितीय दिवस इस सत्य का सजीव प्रमाण बना कि प्रतिष्ठा ही अनावृत मूर्ति में प्राण-संचार का वास्तविक क्षण होती है। वैदिक मंत्रोच्चार, हवन की पवित्र अग्नि, पुष्प अर्पण और संतों के मंगलाशिष के मध्य प्रतिमा केवल शिल्प न रहकर गुरु तत्त्व की जीवंत उपस्थिति का प्रतीक बन गई।

परम पूज्य महामण्डलेश्वर श्री अवध बिहारी दास जी महाराज के कुशल निर्देशन में सम्पूर्ण आयोजन अनुशासन, सेवा और सामाजिक समरसता का आदर्श उदाहरण बना। सुव्यवस्थित पंक्तियों में दर्शन करते श्रद्धालु, सेवा में तत्पर स्वयंसेवक और स्वच्छता की उत्कृष्ट व्यवस्था ने जनविश्वास और सामूहिक उत्तरदायित्व की प्रेरक छवि प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि परम पूज्य श्रीमहंत श्रीभगवान रसिक वेदान्ताचार्य जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रतिष्ठा का अर्थ केवल मूर्ति की स्थापना नहीं, बल्कि समाज में सदाचार, करुणा और धर्ममय जीवन मूल्यों की स्थापना है। उनके वचनों ने उपस्थित जनसमूह को यह संदेश दिया कि "गुरुतत्त्व ब्रह्मदीप है भक्ति जीवनधारा है बही धर्म समत्व सूत्र, करुणा मानवता आत्मबोध राष्ट्रोन्नति का मूल, संस्कृति रक्षा लोकमंगल सेवा साधना, समरसता मोक्षमार्ग की किरणों से होकर गुरु परम्परा से जुड़कर ही सम्भव है जिससे समाज आत्मिक शक्ति और नैतिक दिशा प्राप्त करता है।

विशाल भण्डारे में सभी वर्गों का एक साथ प्रसाद ग्रहण करना इस दिव्य दिवस को सामाजिक एकात्मता, जनआस्था और जीवंत संस्कृति के उत्सव के रूप में स्थापित कर रहा हैं आयोजन में मुख्य यजमान रतन जी, शुक्ला रानी, दीप नारायण, अंकित, पवन जी, रविंद्र जी, राजू सहित अनेकानेक भक्ति में लीन जन समुदाय उपस्थित रहा।

## बोर्ड परीक्षा के मद्देनजर केंद्र अध्यक्षों की बीआरसी ने ली बैठक



**दमोह।** जिले के पटेरा विकासखंड अंतर्गत आयोजित होने वाली कक्षा पांचवी एवं कक्षा आठवीं की बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी प्रारंभ हो चुकी हैं। इस मामले में विकासखंड पटेरा के समस्त कक्षा पांचवी एवं आठवीं के केंद्र अध्यक्षों और सहायक केंद्र अध्यक्षों की विकास खंड स्त्रोत समन्वयक दिलीप उपाध्याय तथा विकासखंड शिक्षा अधिकारी आई एल अठ्या ने बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में समस्त उपस्थित केंद्र अध्यक्षों को शासन के नियम निर्देश से अवगत कराते हुए परीक्षा सुव्यवस्थित एवं पूर्ण रूपेण निष्पक्ष संचालित करने के निर्देश दिए तथा कहां कि किसी भी प्रकार की नकल किए जाने की कोई भी शिकायत प्राप्त न हो। यदि इस मामले में किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही बरती गई तो कार्यवाही की जाएगी।

## राज्यमंत्री ने धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग की समीक्षा में अधिकारियों को दिये निर्देश

**दमोह।** संस्कृति, पर्यटन और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी ने कहा कि प्रदेश के ऐसे मंदिर जो शासकीय सूची में शामिल नहीं हैं, किंतु जिनका धार्मिक और पुरातात्विक महत्व है, उन्हें चिन्हित कर उनके विकास और जीर्णोद्धार की ठोस कार्ययोजना बनाई जाए। राज्यमंत्री श्री लोधी, मंत्रालय में धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। राज्यमंत्री श्री लोधी ने स्पष्ट किया कि आध्यात्मिक धरोहर का संरक्षण और श्रद्धालुओं की सुविधाओं में विस्तार सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। राज्यमंत्री श्री लोधी ने प्रदेश के 55 जिलों के 22,098 शासन संधारित देवस्थानों की जानकारी की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी तीन माह के भीतर इन सभी देवस्थानों के दस्तावेजों का ऑनलाइन डिजिटलीकरण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, मंदिरों के जीर्णोद्धार हेतु प्राप्त प्रस्तावों पर त्वरित कार्यवाही के लिए जिलों में समन्वय हेतु तत्काल नोडल अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना की प्रगति की जानकारी देते हुए अधिकारियों ने बताया कि 10 फरवरी 2026 तक 19 ट्रेनों के माध्यम से श्रद्धालुओं को तीर्थ यात्रा कराई जा चुकी है। राज्य मंत्री श्री लोधी ने शेष 12 ट्रेनों का संचालन 30 मार्च 2026 तक पूरी गुणवत्ता और योजनाबद्ध तरीके से करने के निर्देश दिए। राज्यमंत्री श्री लोधी ने निर्देशित किया कि प्रदेश के बाहर स्थित विभागीय परिसंपत्तियों की विस्तृत जानकारी जुटाई जाए। इन संपत्तियों के बेहतर उपयोग और उनके विकास के लिए एक प्रभावी रोडमैप तैयार किया जाए, ताकि राज्य की संपत्तियों का संरक्षण हो सके।

### हटा-बटियागढ़ क्षेत्र में औषधि निरीक्षक की कार्रवाई, चार नमूने भेजे गए परीक्षण हेतु

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर निर्देश पर औषधि निरीक्षक महिमा जैन द्वारा हटा, बटियागढ़ ग्रामीण क्षेत्रों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बालाजी मेडिकल, पाठक मेडिकल एवं खुशी मेडिकल मगरोंन, रजपुरा स्थित संजीवनी मेडिकल एवं कुंदन मेडिकल, सादपुर में डिम्हा मेडिकल बंद पाया गया एवं तिवारी मेडिकल की जांच की गई, जांच के दौरान कोडीनयुक्त सिरप भी कुछ मेडिकल स्टोर्स पर पाए गए जिनका क्रय विक्रय देखा गया। उन्होने बताया शेड्यूल H1, नारकोटिक्स दवाइयों के क्रय-विक्रय की जांच की गई एवं अबॉर्शन किट की भी जांच की गई। निरीक्षण के दौरान रजपुरा ग्राम से 4 दवाइयों के नमूने जांच हेतु लिए गए। समयावधि मे कार्यालय दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर निलंबन अथवा निरस्तीकरण की कार्यवाही की जाएगी।

### शादी समारोह में नृत्यांगना से छेड़छाड़ कर की मारपीट

**हटा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत रसीलपुर ग्राम में विगत 12 फरवरी की रात एक शादी समारोह में नाच करने आई नृत्यांगना के साथ गांव के युवाओं द्वारा छेड़छाड़ कर मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है जहां पुलिस द्वारा पांच दिन बाद लिखित शिकायत लेकर जांच करने का आश्वासन दिया है। हटा पुलिस थाना में आवेदन देने के उपरांत महिला ने बताया कि विगत 12 फरवरी को ग्राम रसीलपुर में एक शादी समारोह में नाच करने गयी थी में अपने साथ मेरी 2 वर्ष की बेटी भी साथ ले गयी थी। रात्रि में नाचने के दौरान कुछ समय बेटी के साथ आराम करने के लिए एक कमरे में चली गई उसी दौरान वहां पांच युवक आए और जबरदस्ती छेड़छाड़ करने लगे विरोध करने पर मेरे साथ लात घूसों से जमकर मारपीट की और मेरी मासूम बेटी को भी लातो से मारपीट की। घटना के दौरान मेरे साथ में गए लोगों द्वारा बचाने का प्रयास किया तो वह उनसे भी गाली गलौज करने लगे। घटना के बाद रिपोर्ट करने रात्रि में ही हटा थाना पहुंची लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट न लिखकर अस्पताल भिजवा दिया जहां पर प्राथमिक उपचार उपरांत डॉ ने जिला चिकित्सालय दमोह रेफर कर दिया। जहां आज मंगलवार की दोपहर रिपोर्ट दर्ज करने हटा थाना आए थे लेकिन हटा पुलिस द्वारा लिखित आवेदन लिया गया।

## साइकिल चोरी करने वाले बदमाश के कब्जे से 7 साइकिलें जब्त

**दमोह।** नगर में लंबे समय से स्कूली बच्चों की साइकिलो पर हाथ साफ करने वाला एक शातिर चोर आखिरकार पुलिस के हत्थे चढ़ ही गया। दरअसल इस बदमाश युवक ने बीते शनिवार को टीम उम्मीद के स्वच्छता अभियान के दौरान सरस्वती स्कूल के पास से एक किशोर की साइकिल पर हाथ साफ कर दिया था। उसके लिए यहीं साइकिल चोरी महंगी पड़ गई। टीम उम्मीद के हरीश पटेल के द्वारा साइकिल चोरी की इस घटना से कलेक्टर से लेकर पुलिस के अधिकारियों को अवगत कराने के साथ सीसीटीवी फुटेज के जरिए चोरी करने वाले की पहचान की लगातार कोशिश की जा रही थी। वहीं टीम की लगातार सक्रियता के चलते कोतवाली पुलिस को भी साइकिल चोरी की इस छोटी सी घटना को गंभीरता लेकर सक्रियता से कार्य करना पड़ा।



नतीजन शातिर चोर पकड़ा गया तथा उसके कब्जे से चोरी की सात साइकिले भी बरामद हुई। मामले में जारी पुलिस प्रेस नोट के अनुसार कोतवाली पुलिस द्वारा चोरी की विभिन्न कंपनी की 7 साईकिले कीमती 70 हजार रूपये की बरामद करने में सफलता हासिल की है.पुलिस अधीक्षक दमोह द्वारा शहर में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाये जाने हेतु व कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है जो उक्त निर्देशों के पालन में पुलिस अधीक्षक दमोह के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दमोह व नगर पुलिस अधीक्षक दमोह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष कुमार के नेतृत्व में दमोह कोतवाली पुलिस को 17 फरवरी 26 को मुखबिर से प्राप्त सूचना प्राप्त हुई थी,कि टैल खजरी मोहल्ला में आशीष पटैल चोरी की साईकिले रखे हुए है, जो कोतवाली पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही कर संतोषी माता मंदिर खजरी मोहल्ला से आशीष पटैल के घर से 7 साईकिले कुल कीमती करीबन 70 हजार रूपये की बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया. थाना कोतवाली में शु.न. 01/26 धारा 35 (1) ई बीएनएसएस 303(2) बीएनएस का कायम किया गया, आरोपी आशीष पटैल द्वारा उक्त साईकिले शहर से बच्चो के आने जाने वाले सार्वजनिक स्थानो से चोरी करना बताया. गिरफ्तार आरोपी आशीष पिता देवेन्द्र पटैल उम्र 24 साल निवासी खजरी मुहल्ला दमोह से हीरो कपन्नी की गेर वाली काले रंग की साईकिल फ्रेम नबर M3K274064, स्ट्राइडर कम्पनी की गेर वाली साईकिल फ्रेम नंबर 08F2518414, हरकूलस कम्पनी की बिना गेर वाली काले रंग की साईकिल जिसमें फ्रेन नंबर नहीं है,रोडियस कम्पनी की बिना गेर वाली काले रंग की साईकिल जिसका फ्रेम नंबर 0Sk1C93373 स्टारबाइट कम्पनी की हरे रंग की बिना गेर वाली साईकिल जिसका फ्रेम नंबर E006844 कीमती, अर्बन टेरेंनी सफेद रंग बिना गेर वाली साईकिल जिसका फ्रेम नंबर GDE22177, लोटस कम्पनी की काले रंग की बिना गेर वाली साईकिल जिसका फ्रेम नंबर A1C415131 बरामद की है.सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारी थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष कुमार, प्रआर. अभिषेक चौबे, प्रआर देवेन्द्र रैकवार, प्र.आर महेश यादव, प्र.आर. अजीत दुबे, प्र.आर. कलीम खान, आर. नरेन्द्र पटैरिया,प्रमोद गौंड,ब्रजेन्द्र मिश्रा, आकाश पाठक रहा। इस मामले के खुलासे के बाद लोगों का कहना है कि पुलिस इसी तरह से यदि बाइक चोरी की घटनाओं में भी सक्रियता दिखाए तो बाइक चारी की घटनाओं का भी पदार्फाश होते देर नहीं लगेगी।

### योगेश पाली को विश्वविद्यालय द्वारा गोल्ड मेडल मिला



**पथरिया।** नगर के अधिवक्ता गनेश प्रसाद पाली के सुपुत्र योगेश पाली ने देवी अहिल्या बाई विश्वविद्यालय इंदौर के अभियांत्रिकी विभाग से ₹आई ओ टीₔ में एमटेक की उपाधि प्रथम श्रेणी में प्राप्त की है व विश्वविद्यालय के सर्वश्रेष्ठ छात्र होने पर राज्यपाल महोदय द्वारा योगेश पाली को स्वर्ण पदक प्रदान किया गया है। स्वर्ण पदक प्राप्त होने पर अधिवक्ताओं एवं नगर वासियों द्वारा उन्हें बधाईयां व शुभकामनाएं दी गई। वर्तमान में वह आंग्जेनपार्टनर कम्पनी गुरुग्राम में साफ्टवेयर इंजीनियर के पद पर कार्यरत हैं।

### प्राचार्य मुकेश गूजरे सम्मानित



**दमोह।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग की स्थापना दिवस के अवसर पर भोपाल में राज्य स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त आर परशुराम जी की अध्यक्षता एवं भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य चुनाव आयुक्त ओपी रावत के मुख्य अतिथि में संपन्न हुआ जिसमें दमोह जिले को दो सर्वश्रेष्ठ सम्मानो से नवाजा गया। दमोह जिले में जिला पंचायत सदस्य कुम्हारी का चुनाव पहली बार 77 मतदान केंद्रों पर सफलतापूर्वक पेपरलेस संपन्न कराया गया। पेपरलेस चुनाव में विभिन्न महत्वपूर्ण दायित्व निभाने पर राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर एवं प्राचार्य शासकीय हाई स्कूल राजाबंदी मुकेश गूजरे एवं दिलीप जोशी को राज्य स्तर पर सम्मानित किया गया।

## बेलगाम ट्रक ने छात्र को कुचला, इलाज के दौरान मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जबेरा

दमोह जबलपुर स्टेट हाईवे पर रफ्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा, रविवार रात करीब 10 बजे बाजार से बस स्टैंड की ओर पैदल घर लौट रहे 12वीं कक्षा के छात्र लकी रैकवार 18 साल को एक तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने श्रीराम चौराहे पर पीछे से कुचल दिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक के दोनों पैर बुरी तरह जख्मी हो गए और चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। घटना के तुरंत बाद आसपास मौजूद लोगों ने गंभीर रूप से घायल छात्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जबेरा पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक होने पर उसे तत्काल जबलपुर रेफर कर दिया गया।



जबलपुर स्थित अस्पताल में उपचार के दौरान सोमवार को लकी ने दम तोड़ दिया। परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़ः लकी कक्षा 12वीं का छात्र था, पढ़ाई के साथ-साथ वह अपने पिता की दुकान पर हाथ बंटाकर परिवार की जिम्मेदारी निभा रहा था। उसकी असमय मौत से पूरे जबेरा नगर में शोक की लहर फैल गई। स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल है वहीं दोस्तों और परिचितों में भी गहरा दुख व्याप्त है। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों में भारी आक्रोश है, ग्रामवासियों का कहना है कि वाईपास मार्ग होने के बावजूद भारी वाहन नगर के भीतर से गुजर रहे है। नान स्टाप बसों और ट्रकों को बाईपास से निकालने की मांग को लेकर कई बार प्रशासन को ज्ञापन दिया जा चुका है, लेकिन अब तक ठोस कदम नहीं उठाए गए। लोगों का आरोप है कि प्रशासनिक लापरवाही के कारण लगातार हादसे हो रहे है।

### चार दिन में दूसरी बड़ी दुर्घटना

गौरतलब है कि 12 फरवरी की रात थाना क्षेत्र में दाने वावा के पास अज्ञात ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो मौसेरे भाइयों की भी दर्दनाक मौत हो गई थी, लगातार हो रही दुर्घटनाओं से क्षेत्र में भय और असंतोष का माहौल है। एएसआई सुन्दर ने बताया कि रविवार रात करीब 10.30 बजे हादसे की सूचना मिली थी, घायल छात्र को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया था। मृत्यु के वाद मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है, सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अज्ञात ट्रक की तलाश की जा रही है। स्थानीय नागरिकों ने शासन प्रशासन से मांग की है कि नगर में भारी वाहनों के प्रवेश पर सख्त रोक लगाई जाए और बाईपास मार्ग से ही आवागमन सुनिश्चित कराया जाए ताकि भविष्य में किसी और परिवार को ऐसा असहनीय दुख न झेलना पड़े।